पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रो0 जे0वी0 वैशम्पायन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के नये कुलपति

प्रो0 राकेश कपूर एसजीपीजीआई के नये निदेशक

लखनऊ: 20 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति / कुलाध्यक्ष, श्री राम नाईक ने आज छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति तथा संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के निदेशक नियुक्त किये।

राज्यपाल ने प्रो0 जे0 वी0 वैशम्पायन, एप्लाईड इकोनाॅमिक्स विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि हेतु छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर का कुलपति नियुक्त किया है।

इसके साथ ही राज्यपाल ने प्रो0 राकेश कपूर, विभागाध्यक्ष, यूरोलाॅजी विभाग, संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने, जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ का निदेशक नियुक्त किया है।

राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर ने इस आशय की जानकारी दी है।